

# आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की

चैरिटेबल ट्रस्ट

## स्मारिका 2024

द्वितीय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में


प्रधान कार्यालय :
7बी/37, बुद्धि विहार, फेस–2, आवास विकास कालोनी,
दिल्ली रोड, मुरादाबाद – 244001 – उत्तर प्रदेश – भारत

@AAOHATHBADAYEN

98976 99950, 9456640020 aaohathbadayen@gmail.com https://aaohathbadayen.com

# परम सौभाग्य



उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल आदरणीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल से मिलकर ट्रस्ट के कार्य की जानकारी दी गई एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश



राज भवन
लखनऊ - 226 027

14 नवम्बर, 2023

## सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि 'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की' चैरिटेबल ट्रस्ट, मुरादाबाद द्वारा 30 नवम्बर, 2023 को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

भारतीय समाज में विवाह धर्मयुक्त दाम्पत्य जीवन की सामाजिक व्यवस्था का संस्कार है। सामूहिक विवाह का आयोजन नव दम्पत्तियों को सामाजिक समरसता के साथ संस्कारबद्ध होने का अवसर देता है।

मैं इस अवसर पर परिणय सूत्र में बंधने वाले सभी वर–वधु के सुखमय दाम्पत्य जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

( आनंदीबेन पटेल )

दूरभाष : 0522-2236497 फैक्स : 0522-2239488 ईमेल : hgovup@gov.in वेबसाइट : www.upgovernor.gov.in

**शिव प्रताप शुक्ल**
राज्यपाल,
हिमाचल प्रदेश

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव



# शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि "आओ हाथ बढ़ाएं धर्मार्थ न्यास द्वारा इस वर्ष भी मुरादाबाद में गरीब बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

गरीब बेटियों के उत्थान, उनकी आर्थिक समृद्धि तथा सामाजिक प्रगति की दिशा में यह न्यास धर्मार्थ का कार्य कर रहा है, जिसके लिए मैं न्यास से जुड़े सभी व्यक्तियों को साधुवाद देता हूं। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि न्यास स्वास्थ्य और पर्यावरण की दिशा में भी कार्य कर रहा है और निःशुल्क सिलाई सेंटर का संचालन कर समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

न्यास के ये सभी अनुकरणीय प्रयास अन्य लोगों के लिए प्रेरणा दायक है और उन्हें भी इस तरह सामाजिक सरोकार के विषयों पर उनके योगदान के लिए प्रेरित करते हैं ताकि हमारा समाज आगे बढ़ सके और सबका हित सुनिश्चित हो सके।

मैं "आओ हाथ बढ़ाएं" धर्मार्थ न्यास को उनके इस परोपकारी कार्य के लिए बधाई देता हूँ और समारोह के सफल आयोजन की शुभकामनाएं देता हूं।

**(शिव प्रताप शुक्ल)**

ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री

कार्यालय कक्ष संख्या–99, 100,
मुख्य भवन, विधान सभा सचिवालय
दूरभाष– 0522–2238088 (का0)
0522–2239999 (आ0)

लखनऊः दिनांक 05-12-2023.



## शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि 'आओ हाथ बढ़ाएं– एक पहल मदद की' चैरिटेबल ट्रस्ट, मुरादाबाद द्वारा 30 नवम्बर, 2023 को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

भारतीय समाज में विवाह धर्मयुक्त दाम्पत्य जीतन की सामाजिक व्यवस्था का संस्कार है। सामूहिक विवाह का आयोजन नव दम्पत्तियों को सामाजिक समरसता के साथ संस्कारबद्ध होने का अवसर देता है।

मै इस अवसर पर परिणय सूत्र में बंधने वाले सभी वर–वधुओं के सुखमय दाम्पत्य जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

(ब्रजेश पाठक)

मानवेन्द्र सिंह

आई०ए०एम०

ज़िलाधिकारी





कार्यालय ज़िलाधिकारी

मुरादाबाद

फोन नं. निवास : [illegible]
कार्यालय : [illegible]
फैक्स : 2421132

email :dmmor@nic.in

अ. शा. पत्र संख्या

दिनांक १६.११.२०२३


# शुभकामना संदेश

यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि आओ हाथ बढ़ाएं, एक पहल मदद की (चैरिटेबल ट्रस्ट) मुरादाबाद द्वारा आगामी 20 नवम्बर, 2023 को गरीब बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन राही होटल दिल्ली रोड, मुरादाबाद में कराया जा रहा है।

मैं, इस शुभ अवसर पर आओ हाथ बढ़ाएं, एक पहल मदद की (चैरिटेबल ट्रस्ट) मुरादाबाद की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के परिप्रेक्ष्य में शुभकामनाएं प्रदान करता हूं।

भवदीय,

(मानवेन्द्र सिंह)

**हेमराज मीना,**
आई०पी०एस०

अ०शा० पत्रांक सं०: सीए/एससपी

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**

**Senior Superintendent of Police**

जनपद मुरादाबाद (उ०प्र०)।
Distt. Moradabad (U.P.)
Email.id-sspmdd-up@nic.in
0591-2424293/2424294

दिनांक : ..............................

# शुभकामना सन्देश

प्रिय गीतांजली जी,

यह अत्यन्त हर्ष की बात है कि **'आओ हाथ बढ़ाएं– एक पहल मदद की' (चैरिटेबल ट्रस्ट)** के द्वारा अपनी वार्षिक स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

आपके नेतृत्व में उपर्युक्त ट्रस्ट के द्वारा वंचित महिलाओं एवं बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलम्बन, सामाजिक उन्नयन एवं कौशल विकास व संवर्द्धन हेतु अनेक कार्य करते हुए सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्तम्भ स्थापित किया है, जिसके लिए आप एवं आपके ट्रस्ट के सभी सदस्यगण की सराहना की जाती है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि सामाजिक सरोकार को प्रतिबिम्बित करने वाली यह पत्रिका अपने बहुआयामी दायित्व में पूर्णरूपेण सफल होगी।

वार्षिक स्मारिका की सफलतार्थ मेरी शुभकामनाएं!

शुभेच्छु
31/12/23
(हेमराज मीना)

**श्रीमती गीतांजली पाण्डेय**
संस्थापिका–अध्यक्ष
'आओ हाथ बढ़ाएं– एक पहल मदद की'
(चैरिटेबल ट्रस्ट)
7बी/37, बुद्धि विहार फेस–2
आवास–विकास कॉलोनी,
दिल्ली रोड, मुरादाबाद।

# संरक्षक जी की वाणी



## करन वीर सिंह

मै० टैम्पटेशन
संरक्षक

मित्रों, आज से तीन साल पहले जरूरतमंदों की मदद के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बना था जो बाद में बड़े प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार हुआ। चैरिटेबल ट्रस्ट 'आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद' की रूप में जब यह शहर के साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दमकने लगा तो किसी को भरोसा नहीं हो रहा था कि बिना किसी सरकारी मदद के कोई भी संस्था इतने काम कर कैसे कर सकती है।

लगभग दो साल पहले जब मुझे ज्ञात हुआ कि यही ट्रस्ट शहर आर्थिक रूप से कमजोर 11 बेटियों की शादी धूमधाम से कराने जा रहा है तो मैं चौंक गया। धीरे–धीरे मैं भी ट्रस्ट के करीब आया तो लगा कि यह अद्वितीय शक्ति के साथ काम कर रहा है। सचमुच मुझे इस बात की खुशी ही नहीं बल्कि गर्व भी है कि मैं किसी न किसी रूप में इस ट्रस्ट के साथ जुड़ा हुआ हूँ। अब तक ट्रस्ट ऐसे दो सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन धूमधाम से आयोजित कर चुका है। सबसे बड़ी बात यह कि ट्रस्ट यहीं तक सीमित नहीं रहा बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क पढ़ा रहा है जिसके लिए बकायदा ट्यूशन कोचिंग सेंटर का संचालन भी कर रहा है। पर्यावरण और स्वास्थ्य की दिशा में भी ट्रस्ट ने अच्छे कार्य किए हैं और कर रहा है।

मेरी ओर से अनन्त शुभकामनायें.....आप यूँ ही निरंतर शिखर की ओर बढ़ते रहें और सामाजिक सेवा के कार्य में सदैव रत् रहें।

**सवो पथ में आपके साथ**
**करन सिंह**



## राजेश रस्तोगी

चैयरमेन, एल्डी ग्रुप ऑफ कम्पनीज़
संरक्षक

जीवन चक्र निरंतर अपनी गति से चलायमान है। वह नहीं रुकता और निरंतर अपनी धुरी पर आगे बढ़ता रहता है। यही मानव जीवन है मानव जब धरती पर आता है उसके अच्छे कर्म ही सत्कर्म में परिणित होकर उसे महान बनाते हैं और मानव सेवा, निर्धनों, असहयों की सेवा यही परम धर्म है.........यही प्रभु की शाश्वत भक्ति है।

इसी क्रम में मैं ''आओ हाथ बढ़ाएं ट्रस्ट'' के सभी सम्मानित सदस्यों, पदाधिकारी, दानदाताओं एवं शुभचिंतकों को मेरी ओर से जयंती उत्सव की अनंत शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। आपके द्वारा किए गए सामाजिक सेवा कार्य निरंतर समाज को एक गति प्रदान करते हैं। वह वर्ग जो इस समय की गति में पीछे छूट जाता है, उसे भी आप अपनी सेवा के माध्यम से अपने साथ निरंतरता में बनाए रख सकते हैं।

आपके द्वारा कन्याओं का विवाह, निर्धन की मदद, शिक्षा रूपी प्रकाश को चहुँ ओर फैलाने की पूर्ण इच्छा शक्ति, निरंतर पर्यावरण के प्रति आपकी ट्रस्ट द्वारा किए गए सेवा कार्य, जीव संरक्षण हेतु आपकी जिम्मेदारी यही सब कार्यों को देखते हुए मैं आपके साथ जुड़ा और निरंतर बना रहने का आपको आश्वासन देता हूँ। मैं भाग्यशाली हूँ कि आज इस समाजसेवी ट्रस्ट के संरक्षक के रूप में मैं अपनी ओर से आप सभी को अनंत शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करता हूँ। साथ ही साथ आने वाले वर्ष आपके जीवन में अनंत उत्साह एवं उमंग लेकर आए ऐसी प्रभु सीताराम जी से कामना करता हूँ। अनंत शुभकामनाएं.....बहुत–बहुत साधुवाद।

सादर जय सियाराम

**आपका अपना.....**
**राजेश रस्तौगी**

# शुभकामना संदेश



## मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी

**अध्यक्ष**

गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब

यह जानकर मुझे खुशी हो रही है ***'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की'*** चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 10 जनवरी 2024 को द्वितीय स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा एक स्मारिका का भी प्रकाशन किया जा रहा है। ट्रस्ट भविष्य का राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। गरीब बेटियों की शादी करा रहा है। निर्धन बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सिलाई एवं कढ़ाई केंद्र का भी संचालन कर रहा है। पर्यावरण को लेकर भी सजग है और जागरूकता की पहल कर रहा है। निर्धन लोगों और जरूरतमंदों के इलाज के साथ ही अन्य मदद भी दे रहा है।

ट्रस्ट के प्रति समाज के दबे कुचले लोगों का विश्वास बढ़ा है। यह और अच्छी बात है। मदद पाकर जरूरतमंद आगे बढ़ रहे हैं। ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पाण्डेय और अन्य सभी सदस्यों व ट्रस्टियों को उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। इस इस पुनीत कार्य में ईश्वर आपकी मदद करें। आपको इतनी शक्ति दें कि आप लोग इस कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहें।

धन्यवाद।

सादर,

**मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी**



# अनिल मोहन तिवारी

**अध्यक्ष**
**स्माल स्केल**
**आईसक्रीम मैनूफेक्चरस (इण्डिया)**

# शुभकामना संदेश

ईश्वर प्रदत्त हमारी सामाजिक व्यवस्था सामूहिक विवाह जैसे पुनीत कार्य का आयोजन 30 नवम्बर 2023 को "आओ हाथ बढ़ाऐं" एक पहल मदद की चैरिटेबल ट्रस्ट मुरादाबाद द्वारा कराया गया। ऐसे मानवीय कार्य वास्तव में अनुकरणीय है एवं अत्यंत सराहनीय हैं साथ ही हमारे एक नैतिक सामाजिक दायित्व का जनमानस में प्रसार करते हैं।

हम सभी वर वधू के मंगल दाम्पत्य जीवन की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं।


**(अनिल मोहन तिवारी)**
**अध्यक्ष**

# देश की विशिष्ट हस्तियों के मार्ग दर्शन एवं उद्गार



**श्री कमल सोनी**
निर्यातक
बल्लभ मैटल्स

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि चैरिटेबल ट्रस्ट 'आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की' द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर बेटियों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। ट्रस्ट द्वारा कराए जा रहे कार्य उन सभी के लिए अनुकरणीय हैं जो स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए कुछ बड़ा करना चाहते हैं। साथ ही उन लोगों के लिए भी, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहते हैं। बहुत कम समय में ही ट्रस्ट ने अच्छे कार्यों के जरिए बड़े मुकाम तय किए हैं। ट्रस्ट ने अभी हाल में ही आर्थिक रूप से कमजोर बेटियों की धूमधाम से शादी कराई जिससे समाज में स्वस्थ संदेश गया। पिछले दो वर्षों में इस कार्यक्रम से ट्रस्ट ने शहर ही नहीं प्रदेश में अपनी अच्छी पहचान बनाई है। स्वच्छ और आत्मनिर्भर समाज की परिकल्पना को साकार करने के पथ पर ट्रस्ट अग्रसर रहे, यही कामना है। ट्रस्ट की अध्यक्ष समेत सभी सदस्यों को बहुत–बहुत बधा । ढेर सारी शुभकामनाएं।



**तेजवीर सिंह भदौरिया**
बिजनेस, कानपुर

संस्था निरंतर समाज हित में अपना उत्कृष्ट योगदान दे रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों की शिक्षा से लेकर....रोजगार प्रदान कराने के साथ–साथ उनका सामूहिक विवाह बड़े ही धूमधाम से कराने के लिए मैं संस्था के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सहयोगियों का अपनी शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

आप निरंतर ऐसे ही कार्य करें...समाज हित में, मैं भी आपके माध्यम से अपनी भागेदारी निरंतर सुनिश्चित करता रहूँगा।



**श्री रूपक कुमार सिंह**
कुन्दन ऑटोमोबाइल्स
पेट्रोल पम्प

चैरिटेबल ट्रस्ट 'आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की' ने मुरादाबाद शहर में अपनी अलग पहचान बनाई है। यह जानकर दिल को राहत मिलती है कि जरूरतमंद परिवार आज खुद भी इस ट्रस्ट को तलाशते हुए कार्यालय तक पहुंच जाते हैं। ट्रस्ट ने न सिर्फ मुरादाबाद बल्कि लखनऊ समेत कई शहरों में अपने कार्यों से धाक जमाई है। अब तक ट्रस्ट दो सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन धूमधाम से करा चुका है। सबसे बड़ी बात यह कि ट्रस्ट यहीं तक सीमित नहीं रहा बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क पढ़ा रहा है। जिसके लिए बकायदा ट्यूशन कोचिंग सेंटर का संचालन भी कर रहा है। पर्यावरण और स्वास्थ्य की दिशा में भी ट्रस्ट ने अच्छे कार्य किए हैं और कर रहा है। मेरी यही शुभकामना है कि ट्रस्ट इसी तरह निःस्वार्थ नई ऊर्जा के साथ काम करता रहे। यह कदम अच्छे समाज की रचना के लिए मील का पत्थर साबित होगा।



**डॉ० संजय कुमार गुप्ता**
आकांक्षा नर्सिंग होम

पर्यावरण हेतु आपकी संस्था द्वारा फैलाई जा रही जागरूकता निरंतर प्रशंसनीय है आपका पर्यावरण के प्रति रुझान और उसके प्रति किए गए कार्य जैसे पौधारोपण, स्वच्छता अभियान के कार्य सभी संस्था को ऊंचाइयों तक लेकर जाएं यही मेरी प्रभु से मंगल कामना है।
आपके द्वारा कराये गये सामूहिक विवाह के लिए में आपकी भूरी–भूरी प्रशंसा करता हूँ एवं संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

# देश की विशिष्ट हस्तियों के मार्ग दर्शन एवं उद्गार

**श्रीमति अनीता गुप्ता**
PDC - IIW 310
पूर्व अध्यक्ष, लेडीज़ क्लब



प्रिय गीतांजलि जी,
आपसे बात करके बहुत खुशी हुई और आप और आपकी संस्था पूरी तरह समाज सेवा के कार्य में प्रयत्नशील है। इसके लिए आप बधाई की पात्र हैं। इस बार मुझे आपके साथ जुड़ने का मौका मिला, यह मेरा परम सौभाग्य है ईश्वर आपको इतनी काबिलियत दे कि आप भरपूर समाज की सेवा करती रहें और मुझे भी आपके साथ जुड़ने का मौका मिले।
यही मेरी मंगल कामनाएं यही शुभकामनाएं धन्यवाद।

**श्री नलिन गुप्ता**
मिठाई बाना



संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजित कार्य प्रशंसनीय हैं। आपकी ख्याति ही आपके कार्यों का बखान करती है। समाज की सेवा, मानव की सेवा परम धर्म है और साथ ही साथ जीवों के प्रति आपके सेवा कार्य अत्यंत प्रशंसनीय हैं।
आपके सेवा कार्यों को हमारा नमन...बहुत–बहुत शुभकामनायें।

**डॉ० पल्लव अग्रवाल**
वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ



किसी भी संस्था में कार्य करने हेतु दृढ़ इच्छा शक्ति की आवश्यकता होती है। आप की दृढ़ इच्छा शक्ति ही समाज को कुछ दे सकती है। आप समाज के लिए कुछ कर सकते हैं।
आपकी संस्था बधाई की पात्र है इन सेवा कार्यों के लिए मेरी बहुत–बहुत शुभकामनाएं हैं बहुत–बहुत बधाई।

**डॉ० दीपक मेंदीरत्ता**
कृषि वैज्ञानिक



आदरणीय गीतांजली जी,
समाज में फैले अशिक्षा रूपी अंधकार को मिटाने हेतु आपकी सामाजिक संस्था निरंतर बच्चों की शिक्षा पर अपना योगदान दे रही है। वह ट्यूशन क्लासेज का भी संचालन कर रही है। जिसमें अनेकों को विद्यार्थी विद्या ग्रहण कर रहे हैं और साथ ही अपना भविष्य सुधार रहे हैं। मैं आपकी संस्था को एवं आपको शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। धन्यवाद।



# गीतांजली पाण्डेय

## अध्यक्ष

**वो रात कभी नहीं भूल सकती मैं......**

मुझे आज भी याद है 11 अप्रैल 2020 की वो रात। शनिवार था। यही कोई 10 बजे का वक्त रहा होगा। कोरोना संक्रमण से पूरा देश जूझ रहा था। मुरादाबाद भी उनमें शामिल था। मैं डायनिंग टेबल पर बैठी थी, भोजन की थाली मेरे सामने थी। अभी कौर उठाकर जिह्वा पर रखने ही वाली थी कि एक कॉल आई। 'दीदी, कटघर थाने से आगे रेलवे लाइन के किनारे एक बस्ती है, वहां कई परिवार भूखे हैं। दो दिन से रोटी क्या अन्न का एक दाना तक नहीं मिला। बच्चे भूख से बिलबिला रहे हैं, हाहाकार मचा है।' कॉल करके यह जानकारी देने वाला मेरे छोटे भाई संजय मणि त्रिपाठी का रिपोर्टर दोस्त था। मुझसे खाना नहीं खाया गया। पूरी कोशिश की कि उसी रात भोजन उन परिवारों तक पहुंचा दूं मगर पुलिस प्रशासन ने लॉक डाउन में सख्ती की बेड़ियां डाल दी थीं। मेरा भाई और उसके दोस्त चाहकर भी बस्ती तक नहीं पहुंच सके। वो रात मैंने जैसे–तैसे काटी। ठान लिया चाहे जो हो, सुबह भोजन सामग्री पहुंचाकर रहूंगी।

देर रात मैंने अपने पति संजय पाण्डेय जी को यह बात बताई। कहा कि कुछ इंतजाम कराइए। वो कानपुर में हिन्दुस्तान अखबार में वरिष्ठ पत्रकार हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कुछ करता हूं, रुक जाओ। अगले दिन रविवार को पौ फटने से पहले ही भोजन बनाकर 100 पैकेट तैयार किए। इस बीच संजय पाण्डेय जी ने कटघर थाने के इंस्पेक्टर से बात की कि हमारा मकसद सिर्फ उन परिवारों तक भोजन पहुंचाना है जो भूखे हैं। बहुत सारी ना–नुकुर के बाद इंस्पेक्टर तैयार हुए तो तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बाधक बन गए। उन्हें भी समझाया गया। नियमों की ढेर सारी बैरिकेडिंग को पार करते हुए बमुश्किल सारे पैकेट उन परिवारों तक हम पहुंचा सके। सच मानिए, झोपड़ियों में रह रहे उन परिवारों और बच्चों को देखकर कलेजा मुंह को आ गया था। भूख से बिलबिला रहे जब बच्चों को दूध का पैकेट मिला तो उनकी बुझी सी आंखों में चमक आ गई। गर्भवती महिलाओं को भोजन मिला तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। यह नजारा हृदय विदारक था। उन्हें भोजन करता देख सुकून मिला। उस दोपहर मेरी आंखों में भी चमक आ गई थी। खुशी का ऐसा अहसास जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मुझे सुकून इस बात का भी था कि मैं उन परिवारों को अगले 10 दिन के राशन–पानी का इंतजाम देकर आई थी। इस काम में मेरे मुंहबोले छोटे भाई राघव रस्तोगी के अलावा उस गुड़िया ने भी भरपूर सहयोग दिया था जो मेरे घर खाना बनाती है। उस दोपहर मैंने जो भोजन किया उसका स्वाद भी खुशी पैदा कर रहा था। इत्मीनान बहुत हुआ। हम यहीं नहीं रुके। पूरे कोरोना काल में मैंने कई दिनों तक भोजन तैयार करके जरूरतमंदों तक भिजवाया हम जरूरत के अन्य सामान भी भिजवाने लगे। कुछ गरीब बच्चों को स्कूलों में फीस और ड्रेस देकर उन्हें शिक्षित बनाने की दिशा में कदम आगे बढ़ा दिया था। इस काम के लिए और भी लोग मेरा साथ देने को तैयार हो गए थे।

**13 अगस्त 2021 : नए पड़ाव का प्रारंभ......**

हम लोग जरूरतमंदों की मदद कर रहे थे कि तभी हमें लखीमपुर खीरी में मेरे पति के मित्र केके तिवारी के जरिए पता चला कि वहां वो लोग व्हाट्सएप पर एक ग्रुप चलाते

हैं। इसी ग्रुप के जरिए आई सूचनाओं से मदद पहुंचाते हैं। सब कुछ आपसी सहयोग से होता है। आखिरकार हमने भी एक ग्रुप बनाने का निर्णय लिया। 13 अगस्त 2021 की रात मैंने संजय पाण्डेय जी से राय ली। उसी रात ग्रुप बनकर तैयार हो गया। तब उसका नाम रखा गया 'साथी हाथ बढ़ाना'। इसी ग्रुप के जरिए हम लखनऊ से लेकर दिल्ली और गोरखपुर से लेकर कानपुर समेत बिहार तक कनेक्ट हो गए। गंभीर रूप से उन मरीजों तक मदद पहुंचाई जो आर्थिक रूप से कमजोर थे। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी उन्हीं के घर में धूमधाम से कराने लगे। तब तक कई लोग ग्रुप में आ गए थे। धीरे–धीरे ग्रुप बढ़ रहा था।

**10 जनवरी 2022 : विधिवत आगे बढ़ने की मिली सीढ़ी..**


हमने तय कर लिया था कि अब इस चैरिटेबल ट्रस्ट के रूप में पंजीकरण कराएंगे। इस पर खूब मंथन किया गया। संविधान तैयार हुआ। आखिरकार वो घड़ी आई जिससे हमें विधिवत आगे बढ़ने की सीढ़ी हासिल हुई। 9 जनवरी 2022 को संजय पाण्डेय जी मुरादाबाद आए। तय हुआ कि उनकी मौजूदगी में रजिस्ट्रेशन कराया जाए। साथी हाथ बढ़ाना नाम से कई रजिस्ट्रेशन थे लिहाजा ट्रस्ट का नाम रखा गया 'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की'। आखिरकार 10 जनवरी 2022 को ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन करा लिया गया।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खोला सेंटर....**

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमने सिलाई–कढ़ाई केंद्र खोला। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाने लगे। ट्रेनिंग के बाद सिलाई मशीन भी देने लगे। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए ट्यूशन सेंटर स्थापित किया। उनकी शिक्षा से लेकर आगे बढ़ने के लिए तमाम तरह के अच्छे क्रियाकलाप भी कराने लगे। वर्ष 2022 में हमने सबसे बड़ा आयोजन सामूहिक विवाह समारोह के रूप में किया। इस कार्यक्रम की सबसे अहम कड़ी रहे टेंप्टेशन फूड के स्वामी श्री करनवीर सिंह जी। जिनके बिना हमने सामूहिक विवाह जैसे बड़े कार्यक्रम की पटकथा तो लिख दी पर उसे यथार्थ में बदलना टेढ़ी खीर था। ट्रस्ट के सदस्य श्री नलिन गुप्ता जी के माध्यम से हम श्री करन वीर सिंह जी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अनामिका सिंह जी से मिले, पहली मीटिंग में ही उन्होंने बड़े गौर से हमारी बात सुनी और बड़े मनोयोग से इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने से लेकर कार्यक्रम के संपन्न हो जाने तक वह हमारे साथ रहे। मैं उनका बहुत–बहुत आभार व्यक्त करती हूँ जो उनका साथ एवं मार्ग दर्शन हमें निरंतर अन्य कार्यक्रमों में भी मिलता रहता है।

यह अन्य समारोहों की तरह नहीं था। ऐसे भव्य तरीके से जोड़ों की शादी कराई गई जिसे शहर ने देखा। उन जोड़ियों को भी गर्व का अहसास हुआ। इसके लिए किसी तरह की सरकारी मदद नहीं ली गई। वर्ष 2023 में हमने फिर सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया। इसकी खासियत यह थी कि इसमें जिन बेटियों की शादी कराई गई उसमें से कई के मां–बाप कोरोना संक्रमण काल में गुजर गए थे। इसी के साथ हमने पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा पर काम करना शुरू किया। जागरूकता अभियान चलाए। शहर में अच्छा कार्य करने वालों को सम्मानित करने के लिए भी समारोहों का आयोजन किया। अब तो यह सिलसिला चल पड़ा है। ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयासों को देखते हुए कई जगह से ट्रस्ट को सम्मानित भी किया गया है। 4 दिसंबर 2022 को आदर्श कला संगम द्वारा ट्रस्ट को सम्मानित किया गया। अमर उजाला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दो बार ट्रस्ट को सम्मानित किया गया। दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला जी द्वारा आयोजित कराए गए सात दिवसीय इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 19 दिसंबर को चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं को भी सम्मानित किया गया। ईश्वर से यही कामना है कि इतनी शक्ति दे कि हमारे हाथ और विशाल हों जो सभी जरूरतमंदों तक पहुंच सकें।

# संस्था के विशेष सहयोगी



**श्री तेजवीर सिंह भदौरिया**
कानपुर
**संरक्षक**



**श्री आलोक कुमार वर्मा**
अपर जिलाधिकारी (नगर), वाराणसी
**संरक्षक**



**श्री करन सिंह**
मै० टैम्पटेशन
**संरक्षक**




**श्री राजेश रस्तोगी**
चैयरमेन, एल्डी ग्रुप ऑफ कम्पनीज़
**संरक्षक**



**डॉ० एस.के. गुप्ता**
आकाँक्षा नर्सिंग होम
**संरक्षक**



**श्री के.के. मिश्रा**
डॉयरेक्टर,
केडीआरसी



**श्री मनोज आहूजा**
मैनेजिंग डायरेक्टर
आहूजा ग्रुप



**श्री संजीव जैन**
एक्सपोर्टर




**श्री राकेश खन्ना**
मै० ब्रासेक्स इण्डिया



**श्री राजन अग्रवाल**
मै० राजन ओवरसीज़



**डॉ० पल्लव अग्रवाल**
नेत्र रोग विशेषज्ञ



**श्री विकास विंदल**
मै० बिंदल्स



**श्री मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी**
अध्यक्ष,
गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब



**श्री संजय कुमार पाण्डेय**
चीफ रिपोर्ट,
हिंदुस्तान – कानपुर




**श्रीमति जसबीर कौर**
चड्ढा ग्रुप



**श्री गोविंद एवं मंजू गुप्ता**
विशेष सहयोगी

# संस्था के विशेष सहयोगी



**श्री बॉबी उप्पल**
मै० इण्डिया टैन्ट हाऊस



**श्री राजेश भारतीय**
मै० ग्रेस फर्नीचर



**श्री अजय नारंग**
मै० सैल्फइमेज




**श्री रूपक कुमार सिंह**
मै० कुन्दन ऑटो मोबाइल्स



**श्री पंकज सक्सेना**
समाजसेवी



**श्री नलिन गुप्ता**
एक्सपोर्टर



**श्री ए.के. गुप्ता**
मै० गुप्ता प्रिंटिंग प्रेस



**डॉ० दीपक मेंदीरत्ता**
कृषि वैज्ञानिक



**श्री गुरप्रीत सिंह दुआ**
समाजसेवी



**श्री मनोज कुमार**
मै० आर.के.कैटरर्स

*अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो,*
*तो सूरज की तरह जलना सीखो।*
*– डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम*

# सम्मानित सदस्य


**श्रीमती गीताजंली पाण्डेय**
अध्यक्ष


**श्री राघव रस्तोगी**
उपाध्यक्ष


**श्री गोपाल हरि गुप्ता**
महासचिव


**श्रीमती नीता सक्सेना**
कोषाध्यक्ष


**श्री सोतेन्द्र गुर्जर**
महामंत्री


**श्री संजय मणि त्रिपाठी**
सदस्य


**श्री रोहित खुराना**
सदस्य


**श्री गुरप्रीत सिंह**
सदस्य


**श्री मनोज साहनी**
सदस्य


**श्री प्रभाकर मणि त्रिपाठी**
सदस्य
जिला सूचना अधिकारी, महाराजगंज


**श्री सैयद फरहत हाशमी**
सदस्य


**श्री अनिल मोहन तिवारी**
सदस्य,
एडवोकेट, हाई कोर्ट, लखनऊ


**डॉ0 जी. कुमार**
सदस्य


**श्रीमती मीनाक्षी शर्मा**
सदस्य


**श्रीमती लता शर्मा**
सदस्य


**श्री विशाल शर्मा**
सदस्य

# सम्मानित सदस्य



डॉ० आशुतोष अग्रवाल
सदस्य



श्री नागेंद्र त्रिपाठी
सदस्य



डॉ. सतवीर सिंह
सदस्य



श्रीमती अनामिका सिंह
सदस्य



श्री अभिनव अग्रवाल
सदस्य



श्रीमती रितु भदौरिया
सदस्य



श्री अंकुर अग्रवाल
सदस्य



श्रीमती उमा शर्मा
सदस्य




श्री अपिल चौहान
सदस्य




श्री अनुभव मिश्रा
सदस्य




श्री अंकुर अग्रवाल
सदस्य



श्री सनी सेठी
सदस्य



श्री हर्षित रस्तोगी
सदस्य



श्री मनोज चौधरी
सदस्य



श्री मयंक मेहता
सदस्य

# सम्मानित सदस्य




**श्री धीरज मेहता**
सदस्य



**श्री विनय दूबे**
सदस्य



**श्री अनुज चौधरी**
सदस्य



**श्री अरविंद चौधरी**
सदस्य



**श्रीमती स्वाति सिंघल**
सदस्य



**श्री मानस अरोड़ा**
सदस्य



**डॉ0 राहुल जायसवाल**
सदस्य



**श्रीमती जया शर्मा**
सदस्य




**श्री सुमित सैनी**
सदस्य




**श्री विजय शर्मा**
सदस्य



**श्री विवेक चौधरी**
सदस्य



**श्रीमती शिल्पी मुंजाल**
सदस्य



**श्री मनोज सिंह**
सदस्य



**श्रीमती ज्योतसना अग्निहोत्री**
सदस्य

# ट्रस्ट द्वारा किये गये कार्यों की संक्षिप्त आख्या

## गीतांजली पाण्डेय, संस्थापिका / अध्यक्ष



*मित्रों, "आओ हाथ बढ़ाएं" एक पहल मदद की (चैरिटेबल ट्रस्ट) निरंतर अपने सेवा कार्यों को करते हुए मानव सेवा में रत् है। निर्धनों, असहायों, अशिक्षितों, कन्या विवाह, पर्यावरण सरंक्षण, जीव संरक्षण आदि अनेक क्षेत्रों में कार्य कर रहा हैं। हमारे ट्रस्ट के सभी सम्मानित कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं ईच्छा शक्ति से कार्यों को अंजाम दे रहें हैं। इसी कड़ी में पिछले एक वर्ष में किये गये ट्रस्ट द्वारा किये गये प्रमुख कार्यों का ब्यौरा आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं –*

**शिक्षा की जागरूकता :**

**1 जनवरी :** "आओ हाथ बढ़ाएं" एक पहल मदद की (चैरिटेबल ट्रस्ट) ने माता के कीर्तन से किया नव वर्ष का स्वागत, ट्रस्ट द्वारा संचालित निशुल्क कोचिंग सेंटर के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के साथ केक काटा गया। इस दौरान जरुरतमंदो को संस्था द्वारा कम्बल भी वितरित किये गये।

**विश्व हिंदी दिवस :**

**10 जनवरी :** आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की (चैरिटेबल ट्रस्ट) ने अपना प्रथम स्थापना दिवस मनाया। ट्रस्ट के प्रथम स्थापना दिवस को (विश्व हिंदी दिवस) के रूप में भी मनाया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा दो हिंदी के साहित्यकार आदरणीय डॉ0 मनोज रस्तोगी जी और आदरणीय श्री कृष्ण चंद्र शुक्ल जी को सम्मानित भी किया गया। ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर ट्रस्ट द्वारा संचालित सिलाई सेंटर के दूसरा बैच पूरा होने पर सिलाई सीख चुकी लड़कियों को सिलाई मशीन और कुछ जरूरतमंद परिवारों में कंबल भी वितरित किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर एक स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अल्पना रितेश गुप्ता जी (संयोजक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ) मदालसा शर्मा जी, विशिष्ट अतिथि एडीएम सिटी श्री आलोक कुमार वर्मा जी, एसपी ट्रैफिक श्री अशोक गंगवार जी के साथ–साथ आदरणीय श्री गुरविंदर सिंह जी, डॉ0 दीपक मेंदीरत्ता जी, बड़े भाई श्री करन सिंह जी, बड़े भाई श्री राजेश रस्तोगी जी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आदरणीय डॉ० प्रदीप शर्मा जी ने किया।

इस कार्यक्रम में अथक परिश्रम और सहभागिता देने वाले ट्रस्ट के सदस्य नीता सक्सेना, सुदेशना धारीवाल, मीनाक्षी शर्मा, शोभा रानी, उमा शर्मा, राघव रस्तोगी, सोतेंद्र गुर्जर, गुरप्रीत सिंह, रोहित खुराना, सुमित सैनी, विशाल शर्मा, हिमांशु रस्तोगी, विजय शर्मा सहित सभी सदस्यों को सफल कार्यक्रम की बहुत–बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

**मकर संक्रान्ति पर्व :**

14 जनवरी : चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की) द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 3000 लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय, वरिष्ठ सदस्य करणवीर सिंह, राजेश रस्तोगी जी के अलावा राघव रस्तोगी, सोतेंद्र गुर्जर, विजय शर्मा, सुमित सैनी, नीता सक्सेना, सुदेशना धारीवाल, रोहित खुराना, गोपाल हरी, हिमांशु रस्तोगी, विशाल शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

**जरूरतमंद की सहायता**

5 फरवरी : चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की) द्वारा आज एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी की शादी में सहयोग पहुंचाया गया। ट्रस्ट के सदस्यों ने मिलकर आपसी सहयोग से उस बिटिया की शादी में खाने पीने की पूरी जिम्मेदारी उठाई। साथ ही साथ कुछ कपड़े, बर्तन और जरूरत की चीजें भी उस लड़की को उपहार स्वरूप दिया। ट्रस्ट उस बच्ची के सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करता है।

15 फरवरी : चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की) के द्वारा कल गोरखपुर की एक ऐसी बच्ची की शादी में मदद पहुंचाई गई जिसके माता–पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। घर में बस तीन बहनें हैं। शादी को 1 दिन शेष था। सूचना मिलते ही ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने आपसी सहयोग से आनन–फानन में सहयोग राशि एकत्रित किया और गोरखपुर में रह रहे ट्रस्ट के सदस्य श्री संजय मणि त्रिपाठी तथा रंजीत सिंह जी के द्वारा उस परिवार तक सहयोग राशि पहुंचाई गई। ट्रस्ट बच्ची के सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करता है।

**स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

26 फरवरी : ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की) द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ० विवेक गोयल (एमडी फिजीशियन), डॉ० रुचि अग्रवाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ), और डॉ० आशुतोष अग्रवाल (नेत्र चिकित्सक) ने

अपनी निशुल्क सेवाएं जरूरतमंद लोगों को प्रदान की। इस शिविर में लगभग 250 मरीजों की निशुल्क जांच की गई और दवाईयाँ निःशुल्क वितरित की गईं।

**होली पर्व :**

6 मार्च : होली के शुभ अवसर पर ट्रस्ट द्वारा संचालित ट्यूशन सेंटर में पढ़ रहे बच्चों के साथ–साथ कुछ और जरूरतमंद परिवार के बच्चों में ट्रस्ट की तरफ से होली में इस्तेमाल किए जाने वाले सामानों का पैकेट बनाकर बांटा गया। पैकेट पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

**जरूरतमंद की सहायता :**

15 मार्च : चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की) के द्वारा गोविंद नगर में रहने वाले एक कमजोर आय वर्ग के परिवार की बिटिया की शादी में रु० 15000 की सहायता राशि चेक द्वारा प्रदान की गई।

**विश्व गोरैया दिवस :**

19 मार्च : संस्था द्वारा विश्व गोरिया दिवस की पूर्व संध्या पर आज आर्यन इंटरनेशनल स्कूल के साथ मिलकर एक जागरूकता रैली के साथ–साथ नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया। जिसमें ट्रस्ट के सदस्यों के साथ आर्यन इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल श्री हेमंत कुमार झा जी के साथ साथ पूरे स्कूल स्टाफ ने बहुत सहयोग किया। आपका बहुत–बहुत आभार।

**आर्थिक रूप से कमजोर मुस्लिम परिवार की सहायता :**

20 अप्रैल : ट्रस्ट द्वारा एक आर्थिक रूप से कमजोर मुस्लिम परिवार की बच्ची की शादी में सहयोग के रूप में रु० 11,000 का चेक प्रदान किया गया। ट्रस्ट उस बच्ची के उज्जवल वैवाहिक जीवन की कामना करता है।

**ट्यूशन सेंटर का संचालन**

22 अप्रैल : ट्रस्ट द्वारा संचालित ट्यूशन सेंटर के बच्चों ने आज विश्व पृथ्वी दिवस पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। उन्होंने अपने चेहरों को पेंट कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने की एक छोटी सी पहल की। साथ ही साथ ट्रस्ट द्वारा बनाए गए कपड़े के थैलों को दुकानदारों में बाँटकर उनसे पॉलीथीन उपयोग में ना लाने का भी आग्रह किया।

**श्रमवीर एवं कर्मवीर सम्मान :**

15 मई : चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की) द्वारा श्रमवीर एवं कर्मवीर सम्मान समारोह कराया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रघुवीर सिंह जी श्रम एवं सेवायोजन मंत्री (उत्तर प्रदेश सरकार) एवं विशिष्ट अतिथि एसपी हेमराज मीणा जी रहे। कार्यक्रम का संचालन गरिमा सिंह जी ने किया। इस कार्यक्रम में शहर के कुछ गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। जिसमें राजेश रस्तोगी जी, करणवीर सिंह जी, अजय नारंग जी, रितु नारंग जी, डॉ. शशि चौहान जी, डॉ. प्रदीप शर्मा जी, डॉ. विशेष गुप्ता जी, मुकेश जैन जी, राजेश भारतीय जी आदि लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सम्मानित होने वालों की सूची में कुछ ऐसे लोगों को चयनित किया गया जो देश और समाज हित में अपनी बहुत अहम भूमिका निभाते हैं लेकिन कहीं ना कहीं हम उनके कार्यों को अनदेखा कर देते हैं। ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किए जाने वालों की सूची में कुछ महिला पुलिसकर्मी, कुछ ट्रैफिक पुलिसकर्मी, कोविड में जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा करने वाली नर्स और देश एवं समाज को स्वच्छ बनाए रखने में अपना अहम योगदान निभाने वाले कुछ सफाई कर्मी भी शामिल रहे।

**विश्व पर्यावरण दिवस :**

5 जून : विश्व पर्यावरण दिवस पर आओ हाथ बढ़ाएं चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाई।

**अमर उजाला से सम्मान :**

9 जून : चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों के लिए अमर उजाला ने ट्रस्ट को सम्मानित किया।

**योग शिविर :**

21 जून : विश्व योग दिवस के अवसर पर आओ हाथ बढ़ाएं चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित निशुल्क ट्यूशन सेंटर के बच्चों ने योगाभ्यास किया।

**ट्रस्ट को सम्मान :**

13 अगस्त : समाज में ट्रस्ट द्वारा कराए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो के लिए अमर उजाला द्वारा ट्रस्ट को सम्मानित किया गया।

**स्वतंत्रता दिवस :**

15 अगस्त : 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की) चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित ट्यूशन सेंटर में पढ़ रहे बच्चों के साथ ट्रस्ट के सदस्यों ने ध्वजारोहण किया। जिसमें ट्यूशन सेंटर के बच्चों ने देश भक्ति के गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।

**शिक्षक दिवस :**

5 सितंबर : शिक्षक दिवस के अवसर पर ट्रस्ट द्वारा संचालित ट्यूशन सेंटर में पढ़ने वाले बच्चों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्ड और पेपर वेट तैयार कर अपनी शिक्षिका को भेंट दिया।

**नेत्र परीक्षण शिविर :**

29 सितंबर : ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं बच्चों की आँखों को मोबाइल और कंप्यूटर के लगातार इस्तेमाल से हो रहे खतरों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ० आशुतोष अग्रवाल ने बच्चों की आँखों की जाँच की एवं आँखों को सुरक्षित रखने के तरीके भी विस्तार से बताए। ये शिविर आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया। जिसके लिए हम स्कूल के प्रिंसिपल आदरणीय श्री हेमंत कुमार झा, मंजू सिंह,रुना रॉय के साथ–साथ स्कूल के सभी कर्मचारियों का सहयोगियों के आभारी हैं।

**पर्यावरण संरक्षण :**

01 अक्टूबर : स्वच्छाँजली दिवस के अवसर पर आवास विकास कॉलोनी बुद्धि विहार, फेस–2, 7 में स्थित ज्योतिबाफुले पार्क की सफाई के लिए आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की) चैरिटेबल

ट्रस्ट ने एक अभियान छेड़ा। जिसमें 10 साल से जीर्ण शीर्ण पड़े इस पार्क को साफ सुथरा बनाने की जिम्मेदारी उठाई। ट्रस्ट ने इस पार्क को एक साल के लिए गोद लिया है। इस कार्य में ट्रस्ट द्वारा संचालित ट्यूशन सेंटर और सिलाई सेंटर के बच्चों के साथ–साथ ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने भी भरपूर सहयोग दिया। इसके अलावा स्थानीय लोगों का भी पूरा सहयोग मिला।

**गांधी जयंती :**

02 अक्टूबर : चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की) द्वारा संचालित निशुल्क ट्यूशन सेंटर में ट्यूशन पढ़ रहे बच्चों द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया गया।

**स्वास्थ्य परीक्षण शिविर :**

05 नवंबर : चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की) के द्वारा एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ० राहुल जायसवाल जी ने अपनी टीम के साथ मिलकर अपनी सेवाएं ट्रस्ट के इस कैंप में दीं। इस कैंप में लगभग 250 मरीजों की जांच की गई। जिसमें ज्यादातर मरीज थायराइड, जॉइंट पेन और बुखार के थे।

**दीपावली पर्व :**

09 नवंबर : आओ हाथ बढ़ाएं (एक पहल मदद की) चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नि:शुल्क ट्यूशन सेंटर में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को ट्रस्ट की तरफ से गिफ्ट और मिठाइयाँ देकर दिवाली की खुशियों को बाँटने का छोटा मगर सार्थक प्रयास किया गया।

**बाल दिवस :**

14 नवंबर : बाल दिवस के अवसर पर ट्रस्ट द्वारा संचालित ट्यूशन सेंटर के बच्चों के साथ ट्रस्ट के सदस्यों ने सेलिब्रेट किया और बच्चों को कुछ खाने पीने की चीजें वितरित किया गया।

**सामूहिक विवाह (हल्दी एवं मेंहदी समारोह) :**

28 नवंबर : ट्रस्ट द्वारा कराए जा रहे सामूहिक विवाह के लिए चुनी गईं लड़कियों के हल्दी, मेहंदी और संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**सामूहिक विवाह समारोह :**

30 नवंबर : आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवार की 11 बेटियों का सामूहिक विवाह धूमधाम से दिल्ली रोड स्थित राही होटल में कराया गया। जिसके मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं बुंदेलखंड विकास परिषद के उपाध्यक्ष माननीय श्री राजा बुंदेला जी रहे।

**खजुराहो में सम्मान :**

खजुराहो में आयोजित खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में 'आओ हाथ बढ़ाएं–एक पहल मदद की' चैरिटेबल ट्रस्ट को सम्मानित किया गया। गौरवान्वित करने वाला यह सम्मान ट्रस्ट की तरफ से अध्यक्ष गीतांजली पाण्डेय और राघव रस्तोगी ने ग्रहण किया। ट्रस्ट को गरीब बेटियों के उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। समारोह में ट्रस्ट के कई लोगों को जाना था मगर गीतांजली और राघव ही पहुंच सके। मशहूर फिल्म एवं टीवी सीरियल अभिनेत्री 'सुष्मिता मुखर्जी के हाथों यह सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान मंच पर फिल्म अभिनेता 'मनीष वाधवा', आवाज के कलाकार हरीश भिमानी, मशहूर फिल्म पटकथा लेखकर एमके रैना मौजूद रहे। मनीष वाधवा वो हैं जिन्होंने चाणक्य का जबरदस्त रोल किया। चंद्रगुप्त मौर्य, बालाजी विश्वनाथ भट्ट में पेशवा बाजीराव, कंस में परमावतार श्री कृष्ण, दंश हीरो–गायब मोड ऑन में अमल नंदा ऑन का रोल किया। गदर–2 में मेजर जनरल हामिद इकबाल के रूप में मुख्य विलेन के रूप में अभिनय करके लोहा मनवाया।

इसके अलावा एमके रैना यानी महाराज कृष्ण रैना मौजूद रहे जिन्हें फिल्मी दुनिया में ड के नाम से जाना जाता है। भारतीय थिएटर अभिनेता और निर्देशक रैना ने 1970 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की। फिल्मोग्राफी उनकी कमाल की है। उन्होंने 150 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। इससे कहीं ज्यादा फिल्मों की पटकथा लिखी है। एक अभिनेता के रूप में उन्होंने सौ से अधिक नाटकों में काम किया है। उन्होंने कई यादगार प्रस्तुतियों का निर्देशन किया है। उन्होंने तारे जमीन पर में प्रिंसिपल का रोल अदा किया था।

मंच पर हरीश भिमानी भी रहे जो एक लेखक, प्रस्तोता, आवाज के कलाकार, दस्तावेजी सिनेमा व कोर्पोरेट फिल्मों के निर्माता हैं। इन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2016, में वोईस ओवर/नेरेशन श्रेणी में राष्ट्रपति पदक प्रदान किया गया। इन्होनें भारतीय टीवी धारावाहिक महाभारत (बी.आर.चोपड़ा कृत) में सूत्रधार 'समय' को आवाज दी और देश में सर्वाधिक पहचाने जाने वाली आवाज बन गए।

सुष्मिता मुखर्जी एक भारतीय अभिनेत्री और लेखिका हैं। उन्होंने कई हिंदी फिल्मों और टेलीविजन शो में अभिनय किया है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मेरी कॉलेज से पढ़ाई की। वह 1983 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की पूर्व छात्रा हैं। राजा बुंदेला की वह पत्नी हैं। उनकी सोनी टीवी पर सीरियलों में आ चुकी हैं। फिलहाल वह स्टार भारत शो मेरी सास भूत है में रेखा का किरदार निभा रही हैं। कार्यक्रम में फिल्म एवं टीवी सीरियल अभिनेता राजा बुंदेला भी मौजूद रहे जो किसी भी परिचय के मोहताज नहीं।

**नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं संवाद**

28 दिसंबर : चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की द्वारा आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं परीक्षा संवाद का आयोजन कराया। जिसमें लगभग ढाई सौ छात्र–छात्राओं ने भाग लिया होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ० राहुल जायसवाल एवं डॉ० कौशिक आनंद ने बच्चों की समस्याओं को सुना और उनका निदान करते हुए निशुल्क दवाइयाँ वितरित की।

**हिन्दी को बढ़ावा देने का प्रयास :**

हम ट्रस्ट के माध्यम से हिन्दी भाषा को बढावा देने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। ट्रस्ट का समस्त कार्य हिन्दी माध्यम में ही किया जाता है।

# कविता : घास



काम्या पाण्डेय

ये कल की नरम घास,
आज एकाएक सूख कैसे गई?
जिंदगी भर किसी के इंतजार में,
आज शायद ये भी थक कर सो गई।

देखा था इसे एक रोज़,
तारों में किसी को ढूँढते हुए।

तब उठी मैं उससे ये पूछने को,
कि ये ओस की चादर किसके लिए बिछाई हो।
पर फिर ये सोच कर नहीं पूछा कि क्या पता,
आज नानी से तारों की कहानी सुनके आई हो।
शायद इंतजार उसे उस उफक का है,
जो उतरा नहीं कभी उसके लिए।
बैठी थी आज भी वो चादर बिछाए,
देखती हुई धूप में दूर तक, शायद उसके लिए

आज भी उस चादर पर सिलवटें बस उसकी होंगी
उसे बता दूं क्या?
आज भी उसका उफक उतरेगा नहीं उससे मिलने
उसे बता दूं क्या?

पर लौट आई घर मैं आज फिर
ये सोच कर नहीं बताया कि क्या पता
सालों से सहेजी नरमी को,
आज फिर समेट कर लाई हो।



**प्रभाकर मणि त्रिपाठी**
जिला सूचना अधिकारी,
महाराजगंज



## कविता : गरीबी

हम गरीबों की गरीबी भी बड़ी लाचार होती है।
किसी के तरस की मोहताज,
किसी के शोषण का औजार होती है।
तुम्हारा दरख्तों के साये में बदन जलने लगता है।
हमारी जिंदगी फुटपाथों की मेहमान होती है।
जहाँ भूख से गरीब का बच्चा बेजार रोता है।
वहीं पर अंतिलाओं में शामें गुलजार होती हैं।
तुम्हारा मौत का भी सोग होता है, जैसे कोई जलसा,
हमारी खुशियाँ भी मातम की कर्जदार होती हैं।
दौलत के सिरपरस्त होते हैं, सभी नेता
गरीबी राजनीती की अवैध औलाद होती है।
मुबारक हो तुम्हें चाँद पर बसने के हँसी सपने,
हमारी जिंदगी रोज दर्दे–हकीकत से दो–चार होती है।



**राघव रस्तोगी**

कविता :

## जाओ रहने दो....

*दिल कह रहा था कि कुछ बातें करूँ,*
*दिमाग ने कहा रहने दो।*
*जिंदगी के इस सफर में,*
*भला कौन मान लेगा मेरी बात।*
*मन मच रहा था चांद सितारों की तरह,*
*दिमाग ने कहा रहने दो।*
*आज कुछ लिखने की चाह थी दिल में,*
*कलम ने कहा रहने दो।*
*आखिरकार दिल को मन से निकाला,*
*दिमाग से कहा रहने दो।*

## सानिध्य विशेष : माननीय उपमुख्यमंत्री जी





*उपमुख्यमंत्री माननीय श्री बृजेश पाठक जी को ट्रस्ट की स्मारिका भेंट कर ट्रस्ट के कार्यों को लेकर चर्चा की*

## सानिध्य विशेष : पूर्व उपमुख्यमंत्री जी



पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ० दिनेश चंद्र शर्मा जी से मिलकर उन्हें स्मारिका भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया



## गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब में सहभागिता





**गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी जी के साथ ट्रस्ट के सदस्यों की एक अहम बैठक।**

## संस्था को सम्मान




*कैबिनेट मंत्री डॉ० संजय निषाद से मिलकर उन्हें स्मारिका भेंट की गई एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया*

## संस्था को सम्मान






*13 अगस्त को समाज में ट्रस्ट द्वारा कराए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो के लिए अमर उजाला द्वारा ट्रस्ट को सम्मानित किया गया।*



*एक बार पुनः समाज में कराए जा रहे हो उत्कृष्ट कार्यो के लिए अमर उजाला ने चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं को सम्मानित किया*

# ट्रस्ट द्वारा संचालित ट्यूशन क्लासेस के बच्चे

*अशिक्षा रूपी अंधकार को मिटाना हमारे समाज के लिए आवश्यक है। शिक्षा रूपी दिए का प्रकाश ही हमारे समाज को एक दिशा प्रदान कर सकता है। हर वर्ग के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। चाहे वह किसी भी जाति धर्म या संप्रदाय का व्यक्ति हो। इसी कड़ी में हमारे ट्रस्ट द्वारा संचालित ट्यूशन क्लासेज के माध्यम से जो बच्चे निर्धन परिवारों के विद्यालय नहीं जा रहे या जाते भी हैं तो उन्हें किसी भी प्रकार की ट्यूशन की सहायता होती है उनके लिए हमारे ट्रस्ट द्वारा ट्यूशन क्लासेज का संचालन किया जा रहा है। जो पिछले वर्ष से निरंतर अपनी सेवाएं विद्यार्थियों को प्रदान कर रहा है। यह पूर्णतया निशुल्क है इसमें पढ़ाई के साथ–साथ विद्यार्थियों में अपने संस्कारों के प्रति जागरूकता, अपने त्यौहारों के प्रति जागरूकता, जीव संरक्षण, पर्यावरण आदि विषयों पर भी बच्चों में जागरूकता पैदा की जाती है। साथ ही साथ उनमें संगीत, क्राफ्ट आदि के माध्यम से उनके गुणों को उभारा जाता है। ट्यूशन क्लास के विद्यार्थियों की एक झलक ...*



MRS. MANISHA SHARMA
TEACHER



Vinay Saini - 16 years



Ankit Saini - 16 years



Arti Saini - 15 years



Priyanka Saini - 14 years



Sanjana Saini - 16 years



Mohit Saini - 12 years



Gunjan Rajput - 11 years



Bharti Rajput - 12 years



Gauri Saini - 13 years



Anshika Saini - 10 years



Divya Rajput - 10 years



Anjli Rajput - 9 years



Ishu Saini - 4 years



Sunaina Saini - 4 years



Vaishnavi Saini - 10 years



Meghna Saini - 5 years

## ट्रस्ट द्वारा संचालित ट्यूशन क्लासेस के बच्चे


Aditya Saini - 6 years



Naksh Saini - 8 years


Radhika Saini - 13 years


Anshika Saini - 7 years



LAKSHYA SAINI - 8 YRS.


SARIKA SAINI - 10 YRS.


Roshni Saini - 8 YRS.


Tulsi Saini - 1 2YRS.


Kanika - 5 YRS.


Love Saini - 4 YRS.

## होली उत्सव



# संस्था के प्रथम वर्षगाँठ का उत्सव


















## संस्था द्वारा संचालित सिलाई-कढ़ाई सेंटर की कन्याओं को सिलाई मशीनों का वितरण





## मकर संक्रान्ति : खिचड़ी वितरण





## नव वर्ष उत्सव : सर्वजन हिताय











## जरूरतमंदों हेतु नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन










## बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु योग शिविर







## दीपावली उत्सव








## दशहरा उत्सव







## गांधी जयन्ती उत्सव



## विश्व पर्यावरण दिवस





## हर घर तिरंगा अभियान





## विश्व गौरैया दिवस





## विश्व पृथ्वी दिवस







# श्रमवीर एवं कर्मवीर सम्मान समारोह














# शिक्षक दिवस सम्मान समारोह





# ट्यूशन सेंटर की झलक






# स्वछाँजलि दिवस









# पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध : वृक्षारोपण कार्यक्रम







# स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन



















# बाल दिवस








# संस्था द्वारा संचालित ट्यूशन सेन्टर





# सामूहिक विवाह में मेंहदी–हल्दी उत्सव








# सामूहिक विवाह समारोह



# संस्था द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह उत्सव


































द्वारा आयोजित 11 जोड़ों के
सामूहिक विवाह समारोह


द्वारा आयोजित 11 जोड़ों के









# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

*आर्यन्स स्कूल में विद्यार्थियों का ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण मुरादाबाद के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री हेमंत कुमार का विशेष सहयोग रहा। साथ ही बच्चों ने स्वास्थ्य सम्बन्धी अपने सवाल चिकित्सकों के समक्ष रखे जिनका सटीक जबाब हमारे चिकित्सकों द्वारा दिया गया।*



















# नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



















# खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टीवल द्वारा संस्था को सम्मान















